मौजूद है तू मेरी रग रग में

(जब तू साथ नहीं होती तड़पता मेरा दिल है,
मेरी रग रग में लहू के साथ साथ तू भी शामिल है॥)

मौजूद है तू मेरी रग रग में,
मौजूद है तू मेरी रग रग में,
तू मेरा जीवन तू वजूद मेरा,
तेरे नाम से ही शाम सवेरा....

माला पिरोऊँ हर दम,
मैं तेरे नाम की,
तेरी यादों से है रौनक,
मेरी हर शाम की,
आफ़री तेरी आखें,
आफ़री तेरा जलवा,
आफ़री तेरी बातें,
आफ़री तेरा मिलना,
मौजूद है तू मेरी रग रग में,
मौजूद है तू मेरी रग रग में,
तू मेरा जीवन तू वजूद मेरा,
तेरे नाम से ही शाम सवेरा......

तू है इक चमकता बादल,
तू है आशिकी मेरी,
तू है इक नगीना जैसे,
तू है जिंदगी मेरी,
आफ़री तेरी यादें,
आफ़री तेरा आलम,
आफ़री तेरा रुतबा,
आफ़री तेरा मौसम,
मौजूद है तू मेरी रग रग में,
मौजूद है तू मेरी रग रग में,
तू मेरा जीवन तू वजूद मेरा,
तेरे नाम से ही शाम सवेरा.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32168/title/maujood-hai-tu-meri-rag-rag-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |